रजिस्ट्री सं० डी-(डी)—73

REGISTERED NO. D-(D)-73

Central Secretariat Library

भारत का राजपत्र
The Gazette of India

प्राधिकार से प्रकाशित
PUBLISHED BY AUTHORITY

सं० 52] नई दिल्ली, शनिवार, दिसम्बर 28, 1974 (पौष 7, 1896)
No. 52] NEW DELHI, SATURDAY, DECEMBER 28, 1974 (PAUSA 7, 1896)

इस भाग में भिन्न पृष्ठ संख्या दी जाती है जिससे कि यह अलग संकलन के रूप में रखा जा सके।
Separate paging is given to this Part in order that it may be filed as a separate compilation.

भाग III—खण्ड 4
PART III—SECTION 4

विधिक निकायों द्वारा जारी की गई विविध अधिसूचनायें जिसमें कि आदेश, विज्ञापन और सूचनाएं सम्मिलित हैं
Miscellaneous Notifications including Notifications, Orders, Advertisements and Notices issued by Statutory Bodies

रिज़र्व बैंक आफ इण्डिया
केन्द्रीय कार्यालय
बैंकिंग परिचालन और विकास विभाग

बम्बई-1, दिनांक 2 दिसम्बर 1974

सं० डी० बी० ओ० डी० ए० पी० पी० 832/सी० 452 (के० 25 ए०)74—स्टेट बैंक आफ इंडिया अधिनियम, 1955 की धारा 41 की उपधारा (1) के अधीन प्रदत्त शक्तियों का प्रयोग करते हुए और केन्द्रीय सरकार के परामर्श से रिज़र्व बैंक आफ इंडिया ने :—

1. मेसर्स एम० के० दांडेकर एण्ड कम्पनी, मद्रास
2. मेसर्स लवलॉक एण्ड लुइस, कलकत्ता
3. मेसर्स एन० एम० रायजी एण्ड कम्पनी, बम्बई
4. मेसर्स खन्ना एण्ड अन्नदानम, नई दिल्ली
5. मेसर्स जे० एन० शर्मा एण्ड कम्पनी, कानपुर
6. मेसर्स एम० भास्कर राव एण्ड कम्पनी, हैदराबाद
7. मेसर्स आर० डी० जोशी एण्ड कम्पनी, इन्दौर
8. मेसर्स के० पांडेय एण्ड कम्पनी, पटना
9. मेसर्स अपाजी अमीन एण्ड कम्पनी, अहमदाबाद—

को स्टेट बैंक आफ इंडिया की अगली वार्षिक सामान्य बैठक तक उक्त बैंक के लेखा परीक्षक नियुक्त किए हैं।

आर० के० हजारी, उप गवर्नर

स्टेट बैंक आफ इंडिया
केन्द्रीय कार्यालय

बम्बई, दिनांक 22 नवम्बर 1974

इसके द्वारा बैंक के स्टाफ में की गई निम्नलिखित नियुक्ति की अधिसूचना दी जाती है :—

श्री टी० कृष्णमूर्ति ने 4 नवम्बर 1974 को कारोबार समाप्त होने की अवधि से नेताजी सुभाष रोड शाखा के स्थानापन्न मुख्य प्रबन्धक का पदभार ग्रहण किया है।

दिनांक 25 नवम्बर 1974

इसके द्वारा बैंक के स्टाफ में की गई निम्नलिखित नियुक्ति की अधिसूचना दी जाती है :—

श्री मोहिन्दर सिंह ने दिनांक 24 अगस्त 1974 को कारोबार समाप्त होने की अवधि से मुख्य क्षेत्रीय प्रबन्धक, शिलांग, का पदभार ग्रहण किया है।

दिनांक 9 दिसम्बर 1974

इसके द्वारा बैंक के स्टाफ में की गई निम्नलिखित नियुक्ति की अधिसूचना दी जाती है :—

श्री के० एस० दण्डायुधपाणि ने श्री के० एस० विजयराघवन के स्थान पर दिनांक 16 नवम्बर 1974 को कारोबार

समाप्त होने की अवधि से दिल्ली शाखा के मुख्य प्रबन्धक का पद भार ग्रहण किया है ।

पी० सी० डी० नम्बिआर
उप-प्रबन्धक निदेशक
(कार्मिक एवं सेवाएं)

बम्बई, दिनांक 26 नवम्बर 1974

स० एस० बी० एस० 8/1974—स्टेट बैंक आफ इंडिया (सहायक बैंक) अधिनियम 1959 (1959 का 38वां) की धारा 25(1) के अनुच्छेद (स) के अनुसार स्टेट बैंक आफ इंडिया श्री ओ० पी० सेतिआ, अतिरिक्त मुख्य अधिकारी (सहायक बैंक), स्टेट बैंक आफ इंडिया, केन्द्रीय कार्यालय, बम्बई, को श्री एस० डी० बोरकर के स्थान पर स्टेट बैंक आफ मसूर के निदेशक पद पर तत्काल प्रभावशीलता से नामित करता है ।

दिनांक 29 नवम्बर 1974

स० एस० बी० एस० 9/1974—इसके द्वारा सर्वसाधारण को सूचना दी जाती है कि स्टेट बैंक आफ इंडिया (सहायक बैंक) अधिनियम 1959 (1959 का 38वां) की धारा 25 की उपधारा (1) के अनुच्छेद (स) के अनुसार स्टेट बैंक आफ इंडिया ने रिजर्व बैंक आफ इंडिया से विचार-विमर्श कर श्री ए० नरसिंह राव, 15-2-253, महाराजगंज, हैदराबाद-12, को स्टेट बैंक आफ हैदराबाद के निदेशक पद पर दिनांक 29 नवम्बर 1974 से 28 नवम्बर 1977 तक तीन वर्ष की अवधि के लिए (दोनों दिन सम्मिलित) श्री ए० के० चेल्लानी, जो आज से निदेशक पद पर नहीं रहेंगे, के स्थान पर नामित किया है ।

दिनांक 9 दिसम्बर 1974

इसके द्वारा सूचना दी जाती है कि स्टेट बैंक आफ इंडिया का मुख्य रजिस्टर तथा शाखा रजिस्टर शेयर अंतरण के लिए सोमवार, दिनांक 10 मार्च 1975 से सोमवार, दिनांक 24 मार्च 1975, दोनों दिन सम्मिलित, तक बंद रहेंगे ।

राजकुमार तलवार, अध्यक्ष

बम्बई, दिनांक 2 दिसम्बर 1974

इसके द्वारा बैंक के स्टाफ में की गई निम्नलिखित नियुक्ति की अधिसूचना दी जाती है :—

श्री एम० प्रसाद को केन्द्रीय कार्यालय के स्टाफ में दिनांक 21 नवम्बर 1974 से उप-शाखा निरीक्षक के पद पर नियुक्त किया गया है ।

इसके द्वारा बैंक के स्टाफ में की गई निम्नलिखित नियुक्ति की अधिसूचना दी जाती है —

श्री आर० एच० भावे को दिनांक 26 नवम्बर 1974 से केन्द्रीय कार्यालय के स्टाफ में शाखा निरीक्षक के पद पर नियुक्त किया गया है ।

ए० बी० मजुमदार,
उप-प्रबन्ध निदेशक (परिचालन)

जयपुर स्टेट बैंक आफ बीकानेर एण्ड

(स्टेट बैंक आफ इण्डिया का सहायक)

जयपुर, दिनांक 27 दिसम्बर 1974

विशेष परिनियम के अन्तर्गत भारत में संस्थापित सदस्यों का दायित्व सीमित है ।

सूचित किया जाता है कि बैंक के भागीदारों का रजिस्टर सोमवार, 27 जनवरी 1975 से सोमवार, 10 फरवरी 1975 तक, दोनों दिन मिलाकर बन्द रहेगा ।

बोर्ड के आदेशानुसार,
सत्यदेव
प्रबन्ध निदेशक

स्टेट बैंक आफ इन्दौर

(स्टेट बैंक आफ इंडिया का सहायक बैंक)

इन्दौर, दिनांक 10 दिसम्बर 1974

विशेष परिनियम के अंतर्गत भारत में संस्थापित सदस्यों का दायित्व सीमित है

प्रधान कार्यालय : इन्दौर (म० प्र०)

सूचित किया जाता है कि बैंक के अंशधारियों का रजिस्टर सोमवार 20 जनवरी से सोमवार 3 फरवरी, 1975 तक, दोनों दिन मिलाकर, बन्द रहेगा ।

[निदेशक मंडल की आज्ञा से
बी० के० मुकर्जी,
प्रबन्ध निदेशक

दि० इन्स्टीट्यूट आफ चार्टर्ड एकाउन्टेन्टस आफ इण्डिया

नई दिल्ली-1, दिनांक 28 नवम्बर 1974

(चार्टर्ड एकाउन्टेन्ट्स)

स० 23 ए० आर० (1) वै०/59—चार्टर्ड एकाउन्टेन्टस स्टूडेन्टस एसोसिएशन रूल्स के रूल 6 के अन्तर्गत प्रदत्त अधिकारों का प्रयोग करते हुए दि० कौंसिल आफ दी० इन्स्टीट्यूट आफ चार्टर्ड एकाउन्टेन्टस आफ इन्डिया अपने अधिसूचना नं० 23 ए० आर० (1) वै०/59 दिनांक 11-9-1974 में संशोधन करते हुए प्रसन्नता पूर्वक सूचित करती है कि पश्चिम भारत चार्टर्ड एकाउन्टेन्टस स्टूडेन्टस एसोसिएशन के सदस्यों की 30-9-1974 के स्थान पर 30-11-1974 को होने वाली वार्षिक साधारण बैठक सही ढंग से और वैध रूप से हुई समझी जाए ।

दिनांक 2 दिसम्बर 1974

स० 23 ए० आर० (स० ए०) उ/59—चार्टर्ड एकाउन्टेन्टस स्टूडेन्टस एसोसिएशन रूल्स के रूल 6 के अधीन प्रदत्त अधिकारों का प्रयोग करते हुए दि० कौंसिल आफ दी० इन्स्टीट्यूट आफ चार्टर्ड एकाउन्टेन्टस आफ इन्डिया एतद्द्वारा निम्न प्रकार अधिसूचित करती है :—

यद्यपि चार्टर्ड एकाउन्टेन्टस स्टूडेन्टस एसोसिएशन रूल्स के रूल 34 के अनुसार चार्टर्ड एकाउन्टेन्टस स्टूडेन्टस एसोसिएशन

के सदस्यों की वार्षिक साधारण बैठक प्रति वर्ष 15 मई और 15 जून के बीच होनी अपेक्षित है और यद्यपि अपरिहार्य परिस्थितियों के कारण उत्तर भारत चार्टर्ड एकाउन्टैन्टस स्टूडैन्टस एसोसिएशन के सदस्यों की वार्षिक साधारण बैठक 15 मई 1974 और 15 जून 1974 के बीच न हो सकी,

और यद्यपि उपयुक्त रूल्स की व्यवस्थाओं के अनुसार कार्य करने में कठिनाई आ गई है, इसलिए अब उपयुक्त अधिकारों के अन्तर्गत सैन्ट्रल कौंसिल निर्देश करती है कि उत्तरी भारत चार्टर्ड एकाउन्टैन्टस स्टूडैन्टस ऐसोसिएशन के सदस्यों की उपयुक्त साधारण बैठक 4 जनवरी 1975 को हो और यह बैठक सही ढंग से और वैध रूप से हुई समझी जाए ।

डी० एस० ग्रेवाल,
कार्यवाहक सचिव

नई दिल्ली-110001, दिनांक 6 दिसम्बर, 1974

सं० 1-सी० ए० (71)/74—चार्टर्ड एकाउन्टैन्ट्स, रैगुलेशन्स, 1964 में निम्नलिखित संशोधन का निम्नलिखित मसविदा जिसमें कि कार्पोरेट मैनेजमैन्ट में पोस्ट ग्रेजुएट कोर्स में समाविस्ट जोकि चार्टर्ड एकाउन्टैन्ट्स एक्ट, 1949 (सन् 1949 का 38 वां एक्ट) की धारा 30 की उपधारा (1) और (3) द्वारा प्रदत्त अधिकारों का प्रयोग करते हुए प्रस्तावित किया गया है, उन सभी व्यक्तियों की सूचनार्थ प्रकाशित किया जाता है जिनके इससे प्रभावित होने की संभावना है और एतद् द्वारा सूचना दी जाती है कि मसविदा 28 फरवरी, 1975 को अथवा उसके पश्चात् विचारार्थ लिया जायगा।

उपर्युक्त मसविदे के सम्बन्ध में निर्धारित तिथि से पूर्व किसी भी व्यक्ति से प्राप्त किसी भी आपत्ति अथवा सुझाव पर कौंसिल आफ दि इंस्टीट्यूट आफ चार्टर्ड एकाउन्टैन्ट्स आफ इंडिया, नई दिल्ली द्वारा विचार किया जायेगा।

कार्पोरेट मैनेजमैन्ट में पोस्ट ग्रेजुएट पाठ्यक्रम

उपर्युक्त रैगुलेशन्स में :—

I. रैगुलेशन 179 जोकि "सदस्यों के लिए उच्चतम प्रशिक्षण" से सम्बन्धित है, की वर्तमान "अनुसूची सी" को "अनुसूची सी और 'डी' में बदल लिया जाय।

II. अनुसूची 'सी' के बाद अनुसूची 'डी' को बढ़ा लिया जाय :—

"अनुसूची 'डी'

पोस्ट ग्रेजुएट प्रशिक्षण

1. कार्पोरेट मैनेजमैन्ट पाठ्यक्रम :

कार्पोरेट मैनेजमेंट पाठ्यक्रम मे थिओरेटिकल प्रशिक्षण एवं ज्ञान का पाठ्यक्रम भी सम्मिलित होगा तथा जो भी अभ्यर्थी उसमें सफल होते हैं, उन्हें समुचित फार्म में एक प्रमाण-पत्र प्रदान किया जाएगा, जैसा कि इसके पश्चात् व्यवस्था की गई है।

2. प्रशासन :

रेगुलेशन 152 में दी हुई किसी व्यवस्थाओं के होते हुए भी, कार्पोरेट मैनेजमेन्ट पाठ्यक्रम का चार्ज इस उद्देश्य के लिए कौंसिल द्वारा नियुक्त कमेटी के अधीन होगा, उसके कार्य क्षेत्र में परीक्षा लेना, उसमें प्रवेश, परीक्षकों का चयन और उनकी नियुक्ति, अभ्यर्थियों के मार्गदर्शन के लिए पुस्तकें निर्धारित करना, परीक्षा परिणाम घोषित करना और अन्य तत्सम्बन्धी कार्य सम्मिलित होंगे ।

3. पाठ्यक्रम में प्रवेश :

(1) किसी भी ऐसे अभ्यर्थी को पाठ्यक्रम में प्रवेश नहीं दिया जाएगा, जो संस्थान का सदस्य नहीं है तथा (ए) इंस्टीट्यूट का फैलो नहीं रहा है, अथवा (बी) किसी स्वीकृत व्यापार संगठन, सरकारी संस्थापन, सार्वजनिक क्षेत्र के उद्यम अथवा मैनेजमेन्ट कंसल्टेन्ट की एक फर्म अथवा शैक्षिक संस्थान में न्यूनतम 2 वर्षीय व्यावहारिक अनुभव रखने वाला एसोसियेट ।

(2) पाठ्यक्रम तीन भागों मे विभक्त होगा। भाग 1 एवं 2 निर्धारित विषयों में लिखित परीक्षा से सम्बद्ध होंगे तथा भाग 3 में कमेटी द्वारा निर्दिष्ट क्षेत्रों में से किसी एक पर शोध-निबन्ध लिखना होगा।

(3) पाठ्यक्रम के भाग 1 एवं 2 में प्रवेश के लिए प्रत्येक अभ्यर्थी को संबद्ध परीक्षा के आरम्भ होने से न्यूनतम 6 माह पूर्व पंजीकरण के लिए आवेदन करना होगा तथा प्रत्येक परीक्षा के लिए एक सौ रूपये का शुल्क जमा करना होगा ।

(4) एक अभ्यर्थी जिसने भाग 1 परीक्षा उत्तीर्ण कर ली है, पाठ्यक्रम के भाग 2 में प्रवेश के लिए ग्राह्य होगा बशर्ते उसे भाग 2 परीक्षा में बैठने की अनुमति दी जाएगी, जबकि उसने केस प्रोजक्ट अध्ययन प्रस्तुत कर दिया हो ।

(5) अभ्यर्थी को भाग 3 में अपेक्षित शोध-निबन्ध प्रस्तुत करने की अनुमति तभी दी जाएगी, जबकि वह भाग 2 परीक्षा में उत्तीर्ण हो चुका हो।

4. प्रश्न पत्र और पाठ्यक्रम :

(1) कॉर्पोरेट मैनेजमेन्ट पाठ्यक्रम की परीक्षा में अभ्यर्थी के विषय निम्नलिखित दो भागों में दिये गये हैं :—

भाग 1		
प्रश्नपत्र 1	प्रबन्ध में मानवीय तत्व]	100 अंक
प्रश्नपत्र 2	उत्पादन एवं उत्पादकता प्रबन्ध	100 अंक
प्रश्नपत्र 3	विपणन प्रबन्ध	100 अंक
प्रश्नपत्र 4	वित्तीय प्रबन्ध	100 अंक
प्रश्नपत्र 5	कर प्रबन्ध	100 अंक
		500 अंक

भाग 2

प्रश्नपत्र 1	संगठन एवं प्रबन्ध विकास	100 अंक
प्रश्नपत्र 2	प्रबन्ध नियन्त्रण	100 अंक
प्रश्नपत्र 3	प्रबन्ध योजना :	
	खण्ड 1 योजना के सिद्धान्त	100 अंक
	खण्ड 2 योजना का प्रशिक्षण	100 अंक
	खण्ड 3 सार्वनिक उद्यमों के लिए प्रबंध योजना	100 अंक
प्रश्नपत्र 4	प्रबन्ध आडिट: केस अध्ययन योजना	100 अंक
		600 अंक

(2) किसी भी भाग को उत्तीर्ण करने के लिए न्यूनतम अपेक्षित अंक भाग के प्रत्येक प्रश्नपत्र में 40 प्रतिशत और उस भाग के समस्त प्रश्नपत्रों के कुल अंक के 50 प्रतिशत होने चाहिए। बशर्ते संबंधित कमेटी, अपनी इच्छानुसार एक अथवा अधिक प्रश्नपत्रों में न्यूनतम उत्तीर्ण अंकों के लिए तीन अंक और कुल मिलाकर पांच अंक तक छूट दे सकती है।

भाग I

1.1 प्रबन्ध में मानवीय तत्व

क्षेत्र.—इस प्रश्न पत्र का उद्देश्य अभ्यार्थी को व्यवहारिक विज्ञानों जैसे कि समाज शास्त्र मनोविज्ञान से प्राप्त निश्चित संकल्पनाओं और प्रबन्ध में उनकी प्रक्रिया अर्थात योजना, नियंत्रण और संगठन में उनके उपयोग के बारे में जानकारी प्रदान करना है। संकल्पनाओं का अध्ययन करते समय अभ्यर्थी को प्रबन्ध की प्रक्रिया के सभी स्तरों पर मानवीय तत्व के महत्व तथा उत्तम परिणामों के लिए प्रबन्ध की प्रैक्टिस में उनका किस प्रकार प्रयोग हो सकता है, के बारे में निरन्तर विचार करने पर जोर देना चाहिए। प्रश्न-पत्र के भाग II में अभ्यर्थी आज भारत में विकसित औद्योगिक सम्बन्धों में स्वर-ग्राम का पुनरीक्षण और कार्य-कलापों में सुधार करने के लिए व्यवहारिक विज्ञानों की अन्तःशक्ति की जांच करेगा। परीक्षा अभ्यर्थी के सिद्धान्त के ज्ञान की जांच-मात्र ही नहीं होनी चाहिए, बल्कि इसे तो वास्तव में यह जांच करनी चाहिए कि संकल्पना को परिस्थितियों के अनुसार कैसे प्रयुक्त किया जा सकता है।

पाठ्यक्रम

प्रबन्ध में मानवीय तत्व का महत्व—कार्य परिस्थितियों में मानवीय व्यवहार की मूल संकल्पनाएं प्रयोजन, मनोबल और उत्पादकता—व्यक्तिगत और समूहों का व्यवहार औपचारिक और अनौपचारिक नेतागिरी की व्यवच्छेदन—परिवीक्षक (नेतागिरी) की सामाजिक मनोवैज्ञानिक आयाम—नेतागिरी की शैली और कर्मचारी के मनोबल और उत्पादकता पर उनका संघात - प्रबन्ध भागीदारी—परिवर्तन का प्रबन्ध—ग्रुप डायनेमीज।

भाग II

भारत में औद्योगिक सम्बन्ध (ए) ट्रेड यूनियनों की भूमिका—भारतीय ट्रेड यूनियनों की विशिष्टताएँ और उनकी मांगे, (बी) सरकार की भूमिका: श्रमिक नीति त्रिपक्षीय और द्विपक्षीय सलाह—अनिवार्य अधिनिर्णय और सामूहिक समझौता—(सी) प्रबन्ध की भूमिका यूनियनों की मान्यता और सामूहिक समझौता—शिकायतों का निपटारा—सलाहकार प्रबन्ध : संयुक्त प्रबन्ध परिषदें—कार्य समितियां—प्रबन्ध कुशल के अगभूत भाग के रूप में कुशल औद्योगिक सम्बन्धों के विकास के लिए व्यवहारिक विज्ञानों की बुनियाद।

भाग III

सार्वजनकि क्षेत्र संस्थानों में संगठन आबोहवा—सार्वजनिक क्षेत्र इकाइयों में भरती, प्रोत्साहन, पारितोषिक और दण्ड प्रणाली तथा व्यक्तिगत पर उनका संघात तथा सामूहिक प्रयोजन तथा व्यवहार—सार्वजनिक क्षेत्र में कर्मचारी उत्पादकता—सार्वजनकि क्षेत्र में नेतागिरी की विशिष्टताएं—सार्वजनिक क्षेत्र प्रबन्धकों की उपलब्धियाँ प्रायोजन।

सार्वजनिक क्षेत्र इकाइयों में नियोक्ता कर्मचारी सम्बन्ध—सहयोगी प्रबन्ध हेतु पचड़ंच—प्रबन्धकों के रूप में यूनियन नेता—औद्योगिक शान्ति बनाये रखने के लिए नियोक्ता के रूप में सरकार की दोहरी भूमिका।

1.2 उत्पादन एवं उत्पादकता प्रबन्ध

क्षेत्र—अभ्यर्थियों को मूल उत्पादन प्रक्रिया से परिचित कराना और उन्हें उत्पादन निर्णयों और किस प्रकार उत्पादन का रेट मैनेजमैन्ट प्रक्रिया के कुल भाग की अनिवार्यता का भाग बनता है, के आयाम में महत्व को समझाना। कार्य-प्रणाली के ब्यौरे के स्थान पर उत्पादन निर्णयों पर बल देना चाहिए। मूल उत्पादकता संकल्पनाओं के प्रभाव से भी अभ्यर्थियों को छोड़ देना। यद्यपि ये संकल्पनाएं उत्पादन के साथ बंधी है, उनका उपयोग केवल उत्पादन कार्यकलाप तक ही सीमित नहीं है, उनका उपयोग परिचालन के किसी भी क्षेत्र में किया जा सकता है। अतः इसका शीर्षक उत्पादन और उत्पादकता प्रबन्ध है। यह केवल मूल्यांकन पाठ्यक्रम है, अतः अभ्यर्थी के तकनीकी ब्यौरे की परीक्षा नहीं लेनी चाहिए। उनसे अपेक्षा की जाती है कि उन्हें तकनीक की वैचारिक जानकारी हो।

पाठ्यक्रम

उत्पादन प्रक्रिया और उत्पादन के लिए संगठन—उत्पादन परिचालन: सामग्री प्राप्ति और नियंत्रण, उत्पादन मिश्रण, क्वालिटी कन्ट्रोल, सामग्री देखभाल, रूपरेखा, शैड्यूलिंग, एसैम्बिलिंग आदि—आपरेशन्स रिसर्च टैकनीक जैसे लाइनियर प्रोग्रामिंग का उपयोग, पेर्ट, क्वींइंगथ्यौरी, साइमल्टेशन—शिल्पवैज्ञानिक अप्रचलन। उत्पादकता तकनीक : निवेश—निकासी विश्लेषण—श्रमिक और पूंजीगत उत्पादकता का माप-लागत लाभ विश्लेषण—वक्रता सीखना, कीमत विश्लेषण, पद्धतियाँ विश्लेषण, गति शक्ति अध्ययन तकनीक, कार्यक्रम, माप तकनीक।

1.3 विपणन प्रबन्ध

क्षेत्र—अभ्यर्थियों का मूल विपणन प्रक्रियों से परिचित कराना और उन्हें विपणन निर्णयों और किस प्रकार विपणन कार्पोरेट मैनेजमैन्ट प्रक्रिया के कुल भाग की अनिवार्यता का भाग बनता है, के आयाम के महत्व को समझना । विक्रय और वितरण का कार्य-प्रणाली के ब्यौरे के स्थान पर विपणन निर्देशों पर बल दना चाहिए ।

पाठ्यक्रम

भाग I

उत्पादन, ग्राहक, माध्यम, मूल्य, तरक्की तथा वितरण शब्द के रूप में विपणन प्रक्रिया—विपणन मिश्रण ।

विपणन निर्णय :

(ए) उत्पादन से सम्बन्धित : उत्पादन सम्बन्धी नीति उत्पादन विकास, उत्पादन क्वालिटी, ब्राण्ड, उत्पादन अप्रचलन -

(बी) कीमत लगाने से सम्बन्धित; भारतीय वातावरण के संदर्भ में कीमत लगाने के विभिन्न कौशल-

(सी) वितरण माध्यमो से सम्बन्धित—सामान्य बनाम एकमात्र वितरण, राष्ट्रीय बनाम क्षेत्रीय वितरण, सीधा विक्रय बनाम मध्यवर्ती—

(डी) ग्राहक विकास से सम्बन्धित—संस्थागत, ग्रामीण औद्योगिक आदि—ग्राहक स्तर—

(ई) वितरण के संभार—तंत्र से सम्बन्धित

(एफ) तरक्की कौशल से सम्बन्धित—विपणन आडिट—विपणन उद्देश्य विकास करना और कम्पनी के समग्र उद्देश्यों के साथ उनको सम्बन्धित करना ।

भाग II

सार्वजनिक क्षेत्र संस्थाओं के विपणन उद्देश्य । मूल्य भेद और विभेदीकरण के कारणों पर विचार । सार्वजनिक क्षेत्र इकाइयों में उत्पादन विकास । वितरण शासित करने वाले विशेष बचा : नियंत्रण और कोटा की प्रणाली—वितरण के माध्यम—सहकारी क्षेत्र, सरकारी एजेन्सिया—सार्वजनिक क्षेत्र और नियति विपणन उपभोक्ता उत्पादन वितरण को शासित करने वाला विशेष विचार ।

विज्ञापन और सार्वजनिक क्षेत्र उत्पादन और सेवाएं ।

विपणन के कार्य साथ-ही-साथ सार्वजनिक क्षेत्र में उत्पादन के कार्य—सार्वजनिक क्षेत्र में विपणन कार्य की लागत लाभ का विश्लेषण ।

सार्वजनिक क्षेत्र उत्पादनों और सेवाओं की "सामूहिक भावना" का मूल्यांकन ।

I.4 वित्तीय प्रबन्ध

क्षेत्र :—इस प्रश्न-पत्र में मूल संकल्पनाएं और कम्पनी फंड के प्रबन्ध को शासित करने वाली तकनीक आती है । वित्तीय प्रबन्ध में संगठन में निवेश और वित्त के रूप में लगे फण्ड के प्रवाह की योजना और नियंत्रण आते हैं । वित्तीय नियंत्रण का स्वरूप उसके लेखा नियंत्रण से अलग है यह प्रबन्धकीय निर्णय लेने वाले से सीधे सम्बन्धित है । अत. इस विषय का सम्पूर्ण विवेचन निर्णय में केन्द्रित है और कुछ भी वित्तीय विश्लेषण जो अपेक्षित है वह निर्णय लेने वाले शिखर प्रबन्ध को सहायता प्रदान की इच्छा करने से सम्बन्धित है और उसे अपने आप में अंतिम के रूप मे विचार नही करना हुए ।

पाठ्यक्रम

भाग I

वित्तीय विश्लेषण की मूल तकनीक : फण्ड प्रवाह विश्लेषण और निवेष तथा वित्त का पैटर्न—वित्तीय अनुपात और वित्तीय निष्पादन का मूल्यांकन—वित्तीय पूर्वानुमान और वित्तीय विवरण के प्रोफार्मा तैयार करना ।

कार्यकारी पूंजी प्रबन्ध : कार्यकारी पूजी अपेक्षाओं का अनुमान बनाना—कार्यकारी पूंजी का नियंत्रण—सम्पत्ति—सूची नियंत्रण और ट्रेड क्रेडिट का नियंत्रण—कार्यकारी पंजी का वित्त प्रबन्ध—नई बिल मार्केट प्रणाली—आप्टीमल लघु अवधि वित्त प्रबन्ध ।

दीर्घ अवधि निवेश (पूंजीगत व्यय) : मूल्यांकन और नियंत्रण—डी० सी० एफ० तकनीक—भारत में वित्तीय संस्थानों द्वारा प्रोजेक्टों का मूल्यांकन ।

दीर्घ अवधि वित्तीय प्रबन्ध : स्रोत—वित्तीय सस्थानों के साथ बातचीत करना—आप्टीमल ऋण, पूंजी और निवेश नीतियों की लागत—पंजीकरण ढांचे की आवृत करने पर वित्तीय विचार: लाभांश नीति, बोनस विषय, विनिमेय विषय, प्रीमियम विषय, वरीयता पूजी विषय ।

विलय बातचीत में शेयरों का मूल्य-निर्धारण-एक्सचेन्ज में व्यापार न करने वाली कम्पनी के शेयरों का मूल्य—निर्धारण, संकल्पत्तयों का मूल्यनिर्धारण, गुडविल ।

भाग II

सार्वजनिक क्षेत्र इकाइयों में आर० ओ० आई० के रूप में वित्तीय उद्देश्य को निर्धारित करने के लिए पहुंचे ।

सार्वजनिक क्षेत्र इकाइयों में प्राप्य और सम्पति-सूची लेखे के प्रबन्ध सम्बन्धी समस्याओं का स्वरूप ।

सार्वजनिक क्षेत्र के लिए फण्ड का स्रोत : ऋणों की लागत, ईक्वटी की लागत और रोकी हुई आय की लागत—सार्वजनिक क्षेत्र इकाइयों के लिए देनदार ईक्वटी अनुपात की संबद्धता ।

सार्वजनिक क्षेत्र इकाईयों में पूंजीगत व्यय मूल्यांकन और नियंत्रण—नदी प्रवाह को निर्धारित करने में आवृत समस्याएं—लागत लाभ विश्लेषण ।

सार्वजनिक क्षेत्र इकाईयो मे साम्य भाग लेने की शासित करने वाली नीतियां और कौशल: विदेशी सहयोग—संयुक्त क्षेत्र ।

राष्ट्रीयकृत कम्पनियों के शेयरों का सामाजिक मूल्यांकन के लिए पहुंच।

सार्वजनिक क्षेत्र इकाइयों की समाज कल्याण सेवाएं और आष्टामल पूंजीकरण ढांचे का प्रश्न-आकार और सहक्रिया का विचार।

क्षेत्र : इस प्रश्न पत्र का उद्देश्य अभ्यर्थी की बुद्धिमानी और प्लानिंग क्षमता की जांच करना है ताकि कॉर्पोरेट मैनजमैंट जैसे कि व्यापार उन्नति, विस्तार, विविधता और स्थिति को प्रभावित करने वाले मामलों को निपटाने के समय लागू कर कानूनों के ढांचे में कर के प्रभाव को न्यूनतम रखा जा सके। अभ्यर्थी से अपेक्षा की जाती है कि उसे सम्बन्धित भारतीय कर कानूनों की व्यवस्थाओं का यथेष्ट ज्ञान होना चाहिए।

पाठ्यक्रम

1. व्यापारिक यूनिट : फर्म, प्राइवेट लिमिटेड कम्पनी और पब्लिक लिमिटेड कम्पनी की कानूनी स्थिति के प्लानिंग में कर उलझनें

2. निम्न में कर उलझनें (ए) विदेशी सहयोग प्राप्त करना (बी) विदेश में सहयोग देना अर्थात् विदेश में भारतीय व्यापार की उन्नति करने वाली : सहायक (सब्सीड्यरीज), पूर्णतया जानकारी बिक्री, साम्य भाग लेना आदि।

3. विलय और एकीकरण के कर पहलू।

4. नये औद्योगिक संस्थापन और का प्लानिंग।

5. नियंत्रक-कम्पनी बनाम सम्पिण्डित विस्तार की कर उलझनें।

6. कम्पनीज (प्रोफिट्स) सरटैक्स एक्ट और वित्तीय योजना।

7. कर मौलिक और विशेषज्ञ तरफकी।

8. कार्मिक कराधान : विदेशी और भारतीय।

9. अधिकार-हरण में कर पहलू।

10. पूंजीकरण ढांचे के विकास करने में कर उलझनें : (ए) लघु अवधि ऋण (बी) पब्लिक से डिपोजिट (सी) ऋण अवधि (डी) बोनस विषय (ई) लाभांश नीति।

11. कम्पनी का कराधान जिसमें जनता पर्याप्त रुचि नहीं रखती।

भाग II

2.1 संगठन और प्रबन्ध विकास

क्षेत्र : अविच्छिन्न और गतिशील प्रक्रिया के रूप में संगठन परिचालन हेतु योजना एवं नियंत्रण के लिए ढांचे की व्यवस्था करता है। एक संगठन उतना ही सक्रिया होगा जितना कि उसमें कार्य करने वाले कर्मचारी। अतः कर्मचारियों के विकास के कार्य को संगठन विकास से अलग नहीं किया जा सकता। इस प्रश्न-पत्र का उद्देश्य संकल्पनाओं और तकनीक, जो इस विषय में केन्द्रित है, की स्पष्टतः जानकारी का विकास करना है।

पाठ्यक्रम भाग I

सामूहिक योजना को संगठन के उपाय के रूप में लागू करना—संगठन करने और योजना के बीच सम्बन्ध-संगठन प्रक्रिया: कार्यकलाप विश्लेषण : ग्रुपिंग कार्यकलाप का पैटर्न--विभाग—निर्णय विश्लेषण, प्राधिकार ढांचे के परिवीक्षण का विस्तार—संबंध विश्लेषण: समिति तथा समन्वयन—संगठनात्मक धर्मसन्त्र और संचार।

कर्मचारीगण : श्रेणी बनाम व्यक्ति—निर्जीव-काष्ठ का प्रबन्ध-मानवशक्ति योजना प्रक्रिया, प्रशासक और अप्रशासक श्रेणियों के लिए कार्यमूल्यांकन तकनीक मानवशक्ति की पूर्वानुमान तकनीक की आवश्यकता—निष्पादन मूल्यनिर्धारण प्रणाली प्रशासक कुशलता तालिका--प्रबन्ध विकास पद्धति : आवर्ती, विशेष कार्य, प्रशिक्षण, समितियां आदि-विकासशील प्रबन्ध अनुक्रमण कार्यक्रम।

भाग II

सार्वजनिक क्षेत्र इकाइयों में प्रबन्ध विकास के लिए पहुंच, कर्मचारी रखने की प्रणाली-सेवा की शर्तें योग्यता बनाम वरिष्ठता का विचार-प्रत्यायोजन प्रणाली-संगठन स्तर और संचार-काम का विस्तार और एरगोनोमिक्स।

प्रशासक का किया हुआ कार्य और प्रशासक की निजी और सार्वजनिक क्षेत्रों में गति शीलता।

सार्वजनिक क्षेत्र में उद्देश्यों और निष्पादन मूल्यनिर्धारण से प्रबन्ध-सार्वजनिक क्षेत्र इकाइयों में प्रबन्ध अनुक्रमण समस्याएं।

2.2 प्रबन्ध नियन्त्रण

क्षेत्र : इसका उद्देश्य अभ्यार्थियों को मूल नियंत्रण संकल्पनाओं से परिचित कराना है ताकि वे संगठन के कार्यों के अनुरूप सम्बन्धित नियंत्रण प्रणालियों का विकास करने के योग्य हो सकें।

पाठ्यक्रम भाग I

नियंत्रण की संकल्पना : परिचालन नियंत्रण और प्रबन्ध नियंत्रण—प्रबन्धवर्ग के कार्य-निष्पादन की प्रमुख परिवर्तनशीलता—प्रमुख परिवर्तनशीलता के माप के लिए उद्देश्य मानकों का विकास करना—इंजीनियरी, क्षमता और प्रबन्धित लागतों के अर्थ के रूप में निवेशों का विश्लेषण-बजट बनाने की जिम्मदारी की संकल्पना नियंत्रण के लिए रिपोर्ट करने की प्रणाली-निम्न का नियंत्रण—(ए) संगठनात्मक इकाइयों का कार्य-निष्पादन : प्रखण्ड, विभाग, कक्ष आदि, (बी) कार्य और क्रिया-कलाप का नियंत्रण जो संगठनात्मक इकाइयों जैसे भरती, प्रशिक्षण, समिति कार्य, उत्पादन विकास, नमूने, पदोन्नति आदि के बीच कटाव पैदा करते हैं।

नियंत्रण के लिए सूचना प्रणाली कम्प्युटराइजेशन का क्षेत्र।

भाग II

सार्वजनिक क्षेत्र इकाइयों में संचार और नियंत्रण की समस्याएं समन्वय और अंतरिक नियंत्रण वित्तीय एवं लागत नियंत्रण बजट बनाना, सार्वजनिक क्षेत्र इकाइयों में लेखा और लेखा-परीक्षा प्रतिनिधान और उत्तरदायित्व-प्राधिकार और जिम्मदारी परिणामों का माप-मिनिस्टेरियल और पार्लियामैन्टरी नियंत्रण।

2.3 प्रबन्ध योजना

क्षेत्र : अभ्यर्थी से यह अपेक्षा नहीं की जाती है कि वह केवल वातावरण के विकासों से साधारणतः परिचित हो, बल्कि वह इस योग्य होना चाहिए कि सामूहिक योजना प्रक्रिया अर्थात

सूक्ष्म स्तर पर राज्य की वृहत प्रणालियां किस प्रकार प्रभाव डालती हैं और सामूहिक योजना को शक्ल प्रदान करती हैं, के प्रत्येक विकास को अर्थपूर्ण रूप से सम्बन्धित कर सके। प्रश्नपत्र II में अभ्यार्थियों को अपेक्षित है कि वह विशिष्ट योजना संकल्पों और तकनीक का अध्ययन करें और उन्हें लागू करें।

पाठ्यक्रम

भाग I; योजना के सिद्धान्त

प्रबन्ध योजना की प्रक्रिया: योजना परिपेक्ष्य विकास, लम्बी श्रेणी और लघु श्रेणी-विविध कौशल-सहक्रिया-लम्बी श्रेणी (पंच वर्षीय) योजना और कार्यक्रम बजट बनाना अनुसंधान बजट बनाना—समय बजट बनाना—उद्देश्यों से प्रबन्ध।

योजना में परिमात्मक तकनीक :

(ए) प्रोजेक्ट प्लानिंग : पी० ई० आर० टी० और सी० पी० एम०

(बी) साधनों का प्रोजेक्ट नियतन: लाइनियर प्रोग्रामिंग।

(सी) प्रोजेक्ट निर्णय : डिसीजन ट्रीज में प्रोबेबिलिटी थियोरी

(डी) पूंजीगत बजट बनाना : डी० सी० एफ० तकनीक

(ई) क्यूइंग थियोरी

(एफ) साइमलटेशन

भाग II ; योजना की प्रैक्टिस

प्लानिंग पर्यावरण: सामाजिक आर्थिक राजनीतिक तत्व प्रबन्धकीय प्लानिंग पर प्रभाव डालते हैं. भारत में आर्थिक प्लानिंग और आर्थिक स्वावलंबन बेरोजगार और वृद्धि के अनुकूल रोजगार की आवश्यकता—विदेशी मुद्रा स्थिति और आयात स्थानापत्ति की आवश्यकता, भारी और एण्ड ही कार्यक्रम और भारत के व्यापार की विदेश में वृद्धि के लिए नये मार्ग की खोज—भारत की विदेश में संयुक्त जोखिम—भारत की आयात नीति में परिवर्तन।

राज्य की सामाजिक नीतियां और सामूहिक प्लानिंग पर उनका संघात: औद्योगिक (विकास) रैगुलेशन ऐक्ट-कैपिटल इश्यू एक्ट का नियंत्रण—एम० आर० टी० पी० एक्ट-इण्डियन कम्पनीज एक्ट का सम्बन्धित भाग जो सामूहिक प्रबन्ध के संविधान को प्रभावित करता है, प्रबन्ध नियंत्रण और प्रबन्ध का स्थानांतरण-कमीशन शुल्क और मूल्य रैगुलेशन।

परिप्रेक्ष्य प्लानिंग आवृत से समस्याएं क्षेत्र

1. नये व्यापार की तरक्की : एक सहायक कम्पनी का प्रवर्तन, विदेशी सहायता के अन्तर्गत एक नई जोखिम का प्रवर्तन, विदेशों में भारतीय कम्पनी का प्रवर्तन-कम्पनी को बनाने से सम्बन्धित कानून, प्रौक्टस और प्रक्रिया—एक नई कम्पनी के बनाने में प्राथमिक पग, औद्योगिक लाईसेंस, प्रौजैक्ट रिपोर्ट, सरकारी प्राधिकारियों की अनुमति और स्वीकृति, विशेषकर विदेशी सहयोग के मामले में-आरंभिक वित्त और व्यवस्थाओं की जिम्मेदारी, विवरणिका—नियुक्ति, योग्यताएं और निवेशकों सहित प्रबन्धकीय कर्मचारियों के पारिश्रमिक।

2. स्थिति : समस्या का विश्लेषण जिसमें उत्पादन यूनिटों, विपणन, सेवा/वितरण/यूनिट, प्राप्ति केन्द्र, रख-रखाव केन्द्र आदि की स्थिति सम्मिलित है।

3. विस्तार विविधता के माध्यम से: समस्तर और उर्ध्वाधर विस्तार—विस्तार और विकेन्द्रीकरण—सहयोग के माध्यम से—विस्तार और प्रबन्ध—अनुक्रमण—विलय और एकीकरण के माध्यम से विस्तार—एकीकरण को शासित करने वाली कानूनी व्यवस्था—विस्तार और सार्वजनिक नीति।

4. निष्क्रियता और अप्रचलन—विपणन निकट दृष्टि की समस्याएं—प्रबन्ध अप्रचलन की समस्याएं, उत्पादन/तकनीक/अप्रचलन व्यवहार—वित्तीय निकटदृष्टि की समस्याएं।

5. वृष्टीकरण : परिचालन को स्ट्रीय-लाइम करना, प्रोडक्ट लाइन का नियंत्रण

6. पुनर्वास : सन्निकट असफलता को दूर करना—विलय के माध्यम से पुनर्वास असफल हुई कम्पनी का पुनर्वास—सरकार के हस्तक्षेप से पुनर्वास।

भाग III: सार्वजनिक उद्योगों के लिए प्रबन्ध योजना

1. सरकार का उद्योग में भाग लेना—सामाजिक एवं राजनीतिक परिस्थितियां—सार्वजनिक क्षेत्र उद्योगों के लिए संगठन बनाने को शासित करने वाले प्राथमिक विचार सरकारी कम्पनियां, सांविधिक नियम और सरकारी विभाग—सार्वजनिक इकाइयों के लिए प्रबन्ध मंडल बनाना।

2. सार्वजनिक क्षेत्र योजनाओं का मूल्यांकन मूल्य समाना, लाभ और योजना मूल्यांकन के बीच अलग न होने वाले सम्बन्ध। सार्वजनिक क्षेत्र इकाइयों के मूल्य-लगाने की नीति-मूल्य लगाने में आवृत विचार—मूल्य लगाने में लाभ पद तत्वों का समावेश—अनेक सिद्धांत।

सार्वजनिक योजनाओं में आई विशेष समस्याएं—सामाजिक लाभ की संकल्पना—योजना की वर्तमान सामाजिक मूल्य—शैडो मूल्य और शैडो मजदूरी दर का प्रयोग—सामाजिक लागत और सामाजिक लाभ—डिसकाउन्ट की दर और टाइम प्रिफरेंस की सामाजिक दरें—निर्णय लेने में संभाव्य का प्रयोग—रिटर्न की सामाजिक दर—लागत लाभ विश्लेषण का कल्याण आधार।

3. सार्वजनिक क्षेत्र इकाइयों की स्थिति से सम्बन्धित समस्याएं। आर्थिक एवं सामाजिक विचार—यूनिट के आकार और परिचालनों के आर्थिक स्तर का निर्धारण।

4. मल्टी-प्लांट, मल्टी-प्रोडक्ट—सार्वजनिक क्षेत्र इकाइयों के लिए संगठनात्मक समस्याएं—होल्डिंग कम्पनी की संकल्पना।

5. सार्वजनिक—निजी क्षेत्र प्रतियोगता का शासित करने वाले विपणन विचार।

6. सार्वजनिक क्षेत्र कार्य-निष्पादन का मूल्यांकन : राष्ट्र (जैसे की वृद्धि दर, बचत दर, पूंजी आउट-पुट प्रतिशत) मैक्रो आर्थिक सिद्धांतों का सार्वजनिक क्षेत्र इकाइयों के माइक्रो टारगट्स में ट्रांसलेशन, निम्न टर्म्स में :

1. मूल्य जोड़ना (आउट पुट)
2. बचत का प्रजनन
3. पूंजीगत सूचना प्रतिशत
4. रोजगार प्रजनन
5. श्रम उत्पादकता
6. पूंजीगत आउट-पुट प्रतिशत

उपर्युक्त को दृष्टि में रखते हुए, देश के आर्थिक विकास में सार्वजनिक क्षेत्र प्रबन्ध द्वारा अभिनीत भूमिका का मूल्यांकन।

2. मैनेजमेन्ट आडिट: केस स्टडी प्रोजेक्ट

केसस्टडी के लिए 50 अंकों तथा केसस्टडी पर आधारित मौखिक परीक्षा के लिए 50 अंकों का प्रश्नपत्र केस स्टडी प्रोजेक्ट का उद्देश्य अभ्यार्थी को चुनी हुई कम्पनी के कार्यों के परिचालन को गहराई तक अध्ययन करने का अवसर देता है, जिससे कि कम्पनी के संपूर्ण परिप्रेक्ष्य मामलों के स्वरूप का विकास किया जा सके तथा भविष्य में विकास हेतु योजना दर्शायी जा सके। प्रोजेक्ट में अन्य के साथ निम्नांकित भी सम्मिलित होने चाहिए :

1. समय की एक अवधि के अन्तर्गत विभिन्न कार्य क्षेत्रों में कम्पनी की नीतियों एवं कार्यक्रमों का अध्ययन।
2. कम्पनी के क्रिया-कलापों का खण्ड रूप में तथा पूर्ण रूप से लक्ष्णानुसार माप (जहां तक संभव हो) करने के लिए कुछ इन्डीकेटर्स का विकास।
3. कम्पनी की प्रबन्धकीय शक्ति एवं कमियों (सीमाओं) को सिद्ध करना
4. उच्च प्रबन्ध तथा उपर्युक्त 3 की आकांक्षाओं एवं उद्देश्यों तथा मैनेजमेंट प्लानिंग के 2.3 प्रश्न-पत्र में विचारानुसार प्रतिबन्ध को आंकना
5. प्रबन्ध कौशल के लिए एक कार्यक्रम बनाना।

200 अंकों का शोध-निबन्ध

भाग III

200 अंकों का शोध–निबन्ध

शोध-निबन्ध का उद्देश्य अभ्यार्थी को हमारी अर्थ व्यवस्था के कुछ विशिष्ट क्षेत्रों, जिनकी सूची नीचे दी गई है, में प्रबन्ध संकल्पनाओं एवं तकनीकों को लागू करने में कन्सैप्शनल एवं विश्लेषण सम्बन्धी योग्यता प्रदान करना है। यह विशिष्ट क्षेत्र हमारी अर्थव्यवस्था के विकास में विशेष महत्व रखते हैं। आने वाले कुछ वर्षों में इन क्षेत्रों की महत्ता और बढ़ेगी।

इन क्षेत्रों में प्रबन्ध का स्तर सामान्यतः निजी क्षेत्र से पिछड़ा हुआ है। उनकी बढ़ती हुई महत्ता को दृष्टि में रखते हुए, यह आवश्यक है कि इस प्रकार के क्षेत्रों में प्रबन्ध प्रशिक्षण पर पर्याप्त ध्यान दिया जाए, जिसके लिए वास्तव में कोई नई बात नहीं करनी है, केवल प्रबन्ध की चिरपरिचित संकल्पनाओं एवं तकनीकों को अर्थपूर्ण रूप से अपनाना है। जैसा कि हम आशा करते हैं कि हमारे सदस्यों की एक बड़ी संख्या इन क्षेत्रों में जाती है, हमें उन्हें इन क्षेत्रों में प्रबन्ध की प्रकृति से परिचित कराना चाहिए। विस्तार रूप से शोध-निबन्ध प्रक्रिया में निम्नांकित सम्मिलित होने चाहिए।

ए. चुने हुए क्षेत्र का ऐतिहासिक स्वरूप का विकास करते हुए जो प्रबन्ध एवं आर्थिक विकास के आधारभूत सम्बन्ध को स्पष्ट करता हो।

बी. सूक्ष्म परीक्षा के लिए चुने हुए क्षेत्र में से एक प्रमुख यूनिट का चुनाव–संगठन के विशिष्ट कार्यों का अध्ययन एवं मूल प्रबन्ध प्रक्रियाओं को पहचानना।

सी. कुछ प्रबन्धकीय समस्याओं का निदान।

डी. रूपरेखा बनाना कि किस प्रकार कुछ प्रबन्ध संकल्पनाएं/तकनीक, अपनाने के पश्चात् पहचानी हुई समस्याओं के समाधान में अपनाई जा सकती थी।

शोध-निबन्ध सम्बन्धित कमेटी द्वारा स्वीकृत व्यक्ति के मार्गदर्शन में लिखा जाए। मार्गदर्शक एक ऐसा व्यक्ति होना चाहिए जिसे चुने हुए विषय में, जो कि कमेटी द्वारा अभिस्वीकृत है, प्रबन्धकीय अनुभव होना चाहिए।

शोध निबन्ध के लिए क्षेत्र (कोई एक केवल)

1. सार्वजनिक क्षेत्र के औद्योगिक उद्यमों का प्रबन्ध।
2. भारत में वित्तीय संस्थाओं का प्रबन्ध (वाणिज्यीय बैंकों सहित)।
   वित्तीय संस्थान एवं आर्थिक विकास-राज्य वित्तीय संस्थान एवं भारतीय पूंजी बाजार।
   अध्ययन के लिए एक वित्तीय संस्थान चुनिए।
3. सहकारी उद्यमों का प्रबन्ध : (औद्योगिक अथवा विपणन सहकारी-समितियां)–अध्ययन के लिए कोई एक वृहत्-स्तीय इकाई चुनिए।
4. बीमा प्रबन्ध (अध्ययन के लिए सामान्य बीमा कम्पनियों में से एक अथवा जीवन बीमा निगम के किसी खंड को चुनिए)
5. नगरीय प्रबन्ध (अध्ययन के लिए बड़ी नगरपालिकाओं में से एक चुनिए)
6. अस्पताल प्रबन्ध (सरकारी अस्पतालों में से कोई एक)।
7. परिवहन प्रबन्ध (निम्नांकित में से एक का चयन करें) :

   एयर इण्डिया

   इण्डियन एयरलाइन्स

   भारतीय रेलों में से कोई एक (केवल कुछ चुने हुए पक्ष) कोई भी राज्य सड़क परिवहन निगम भारतीय जहाजरानी निगम।
8. यूनियन प्रबन्ध (भारत में किसी एक प्रमुख कर्मचारी यूनियन का)
9. शैक्षणिक प्रशासन का प्रबन्ध (निम्नांकित में से किसी एक में) :

विश्वविद्यालय प्रशासन में प्रबन्ध

उच्च शिक्षा के किसी राष्ट्रीय संस्थान का प्रबन्ध जैसे रिसर्च लैब, अथवा इन्स्टीट्यूट, इंस्टीट्यूट आफ हायर लर्निंग इंस्टीट्यूट आफ टैक्नालाजी, इंस्टीट्यूट आफ मैनेजमेंट, एन० सी०ए० ई०आर०, पैट्रोलियम रिसर्च इंस्टीट्यूट, इण्डियन इंस्टीट्यूट आफ साइंस इंस्टीट्यूट आफ फोरेन ट्रेड आदि।

10. सार्वजनिक प्रशासन में प्रबन्ध (निम्नांकित में से किसी एक)

किसी एक जिले में औद्योगिक विकास का प्रबन्ध
पिछड़े क्षेत्र का विकास : प्रबन्धकीय पहुंच
गांवों के चुने हुए ब्लाक में सामुदायिक विकास
एक प्रमुख सिंचाई परियोजना का प्रबन्ध
परिवार नियोजन विकास में प्रबन्ध—
गृह विकास योजना का प्रबन्ध
व्यस्क/ग्रामीण शिक्षा योजना
एक जिले में कृषि विकास
एक जिले में सार्वजनिक कार्य प्रबन्ध
एग्रो इंडस्ट्री विकास कार्यक्रम का प्रबन्ध।

5. परीक्षा संचालन

(1) परीक्षाएं कौंसिल के निदेशानुसार अन्तरालों, प्रणाली एवं समय और स्थान पर ली जाएंगी।

(2) परीक्षा की तिथियों एवं स्थान तथा अन्य विवरण भारतीय राजपत्र में अधिसूचित किए जाएंगे।

6. परीक्षा में प्रवेश हेतु आवेदन

परीक्षा में प्रवेश हेतु आवेदन स्वीकृत प्रपत्र पर, जिसकी एक प्रति सचिव से प्राप्त की जा सकती है, निर्धारित शुल्क सहित कौंसिल के पास उसके निदेशानुसार पहुंच जाने चाहिए।

7. शुल्क की वापसी

(1) परीक्षा में प्रवेश पाने वाले अभ्यर्थी द्वारा अदा किया गया शुल्क, उप-पैराग्राफ (2) में दी गई व्यवस्था को छोड़कर, वापस नहीं किया जाएगा।

(2) जब अभ्यर्थी कौंसिल को अपने शुल्क का आगामी परीक्षा हेतु स्थानान्तरण के लिए आवेदन करता है, वह भी इस आधार पर कि उसे उसके नियंत्रण से बाहर परिस्थितियों के कारण परीक्षा में बैठने से रोक दिया गया है, कौंसिल इस प्रकार के अभ्यर्थी द्वारा अदा किया गया शुल्क केवल निम्नांकित आगामी परीक्षा के शुल्क के भुगतान स्वरूप उचित समझते हुए अनुमति दे सकती है:

बशर्ते इस प्रकार का कोई भी आवेदनपत्र परीक्षा की अन्तिम तिथि के पन्द्रह दिन की समाप्ति के पश्चात् विचारणीय नहीं होगा।

8 परिणाम की घोषणा

(1) सफल अभ्यर्थियों की एक सूची भारतीय राजपत्र में प्रकाशित की जाएगी।

(2) समस्त अभ्यर्थियों को प्रत्येक पत्र में प्राप्त अंकों की सूचना दे दी जाएगी।

9 अनुचित तरीके अपनाने वाले अभ्यर्थियों के विरुद्ध कार्यवाही

यदि कमेटी को सूचना दी जाती है कि किसी अभ्यर्थी द्वारा परीक्षा उत्तीर्ण करने के उद्देश्य हेतु अनुचित तरीके अपनाए गए हैं अथवा अपनाने की कोशिश की गई है तो कमेटी इसकी जांच करेगी तथा कौंसिल को एक रिपोर्ट देगी, जिसकी पुनः जांच के पश्चात् यदि यह आवश्यक समझा गया, अभ्यर्थी के विरुद्ध जैसा भी उसे उचित प्रतीत हो, अनुशासनात्मक कार्यवाही करेगी।

बशर्ते अभ्यर्थी को उसके विरुद्ध दिये जाने वाले आदेश से पूर्व एक बार सुनवाई का अवसर दिया जाएगा।

10 परिषक :

कमेटी अपनी इच्छानुसार प्रबन्ध कर सकती है तथा प्रश्नपत्र बनाने और उत्तर पुस्तिकाओं जांचने के लिए किसी भी प्रकार से परीक्षक नियुक्त कर सकती है।

11 परिणाम में संशोधन

किसी भी मामले में जहां यह पाया जाता है कि परीक्षा के परिणाम में भूल, अनाचार, धोखा, अनुचित व्यवहार अथवा अन्य किसी प्रकार से प्रभावित किया गया है, कमेटी को जैसा कि इससे पूर्व भी यहां वर्णित है, परिणाम को उस रूप में, जो वास्तविक स्थिति के अनुरूप होगा, संशोधित करने एवं उस आधार पर जिसे कमेटी आवश्यक समझे, घोषित करने का अधिकार होगा।

12 शोध निबन्ध के मूल्यांकन की प्रक्रिया

(1) अभ्यर्थी को जो इस पाठ्यक्रम के भाग 3 के अन्तर्गत शोध-निबन्ध तैयार करने के इच्छुक हैं, भाग 2 के समस्त प्रश्नपत्रों में परीक्षा उत्तीर्ण करने की तिथि से एक माह के अन्दर इंस्टीट्यूट के सचिव को शोध-निबन्ध तैयार करने के लिए उसके द्वारा चुने गए विषय से अवगत करना होगा। उसे प्रस्तावित शोध-निबन्ध की रूपरेखा भी प्रस्तुत करनी होगी। सचिव द्वारा संबंधित कमेटी के अध्यक्ष से परामर्श के पश्चात अभ्यर्थी को अन्तिम शोध-निबन्ध के तैयार करने में की जाने वाली किसी भी वृद्धि, कमी अथवा परिवर्तनों की सूचना रूपरेखा की प्राप्ति की तिथि से एक माह के अन्दर दे दी जाएगी।

(2) कमेटी के अध्यक्ष द्वारा, अभ्यर्थी का उसके शोध-निबन्ध की तैयारी में मार्ग-दर्शन के लिए, एक व्यक्ति नियुक्त किया जाएगा। मार्ग-दर्शक का चयन कमेटी द्वारा इस उद्देश्य के लिए बनाई गई व्यक्तियों की एक स्वीकृत सूची में से किया जायगा। अभ्यर्थी को उसके शोध-निबन्ध में मार्गदर्शन करने वाले व्यक्ति के नाम की सूचना सचिव द्वारा दी जायगी।

(3) अभ्यर्थी को उपर्युक्त 2 के अन्तर्गत दी गई सूचना की प्राप्ति की तिथि से नौ माह के अन्दर शोध-निबन्ध प्रस्तुत करना होगा।

(4) शोध-निबन्ध रु० 150 के शुल्क सहित पांच प्रतियों में प्रस्तुत करना होगा। शुल्क अप्रतिदेय होगा।

(5) कमेटी द्वारा, उचित मामलों में, शोध-निबन्ध प्रस्तुत करने की अपेक्षित अवधि को बढ़ाया जा सकता है, पर वह तीन माह से अधिक नहीं होगी।

(6) शोध-निबन्ध अंग्रेजी भाषा में हो तथा चुने गए क्षेत्र में अभ्यर्थी के प्रशिक्षण एवं अनुसंधान के परिणामों को सम्मिलित करता हो । अभ्यर्थी को शोध-निबन्ध के साथ एक संक्षिप्त विवरण प्रस्तुत करना होगा कि किस प्रकार शोध-निबन्ध के बनाने में उसका व्यावहारिक अनुभव उपयोगी सिद्ध हुआ है तथा शोध-निबन्ध के क्षेत्रों में जहां नये-नये तथ्य सामने आए हैं, जो प्रबन्धकों एवं स्काउटिंग प्रोफेशन्स में लाभ कारी हो सकते हैं । अभ्यर्थी को एक अन्य विवरण भी देना होगा जिसमें उसे अपने शोध-निबन्ध को तैयार करते समय ली गई सहायता के साधनों का तथा जिस स्तर तक वह सामान्य संदर्भ पुस्तकों से उपलब्ध सामग्री पर अपने अध्ययन हेतु निर्भर रहने का विवरण देना होगा ।

(7) शोध-निबन्ध की प्राप्ति पर, सचिव कमेटी से परामर्श के पश्चात् उसे एक रेफरी अथवा बोर्ड आफ रेफरी (संख्या में तीन से अधिक नहीं) को भेजेगा, जो शोध-निबन्ध की कोटि (क्वालिटी) पर विचार देंगे । कमेटी द्वारा नियुक्त रेफरी/रेफरीज शोध-निबन्ध की प्राप्ति की तिथि के दो माह के अन्दर परामर्श देंगे कि क्या शोध-निबन्ध स्वीकृति के लिए योग्यता की पर्याप्त उच्च श्रेणी का है ।

(8) रैफरी/रैफरीज का निर्णय सचिव द्वारा, कमेटी को विचारार्थ प्रस्तुत करने के पश्चात् अभ्यर्थी को सम्प्रेषित कर दिया जायगा । शोध-निबन्ध की योग्यता एवं श्रेणी पर रेफरीज के बीच किसी प्रकार के मतभेद के मामले में, अन्तिम निर्णय कमेटी द्वारा किया जायगा ।"

III. अनुसूची "ए" में फार्म "32" के पश्चात् फार्म "33" निम्नानुसार) जोड़ लिया जाए:—

"फार्म "33"

[शेड्यूल 'डी' का पैराग्राफ 1 देखें]

दि इंस्टीट्यूट आफ चार्टर्ड एकाउन्टेण्टेस आफ इंडिया

(एम्बलेम)

कॉर्पोरेट मैनेजमेन्ट कोर्स

यह प्रमाणित किया जाता है कि ————————ने इंस्टीट्यूट आफ चार्टर्ड एकाउन्टेन्टस आफ इंडिया द्वारा कार्पोरेट मैनेजमेन्ट कोर्स के लिए जो ली गई परीक्षा उतीर्ण कर ली है तथा सफलतापूर्वक शोध-निबन्ध भी प्रस्तुत कर दिया है ।

इंस्टीट्यूट आफ चार्टर्ड एकाउन्टेन्ट्स आफ इंडिया की सामान्य मुहर के अन्तर्गत 19— के दिवस———— को जारी किया गया ।

सचिव"

(सील)

सं० 8 सी०ए० (1)/9/74-75—चार्टर प्राप्त लेखाकार विनियम 1964 के विनियम 10(1) खंड (तीन) के अनुसरण में एतत्-द्वारा यह सूचित किया जाता है कि निम्नलिखित सदस्यों को जारी किये प्रैक्टिस प्रमाण-पत्र उनके नामों के आगे दी गई तिथियों से रद्द कर दिये गये हैं क्योंकि वे अपने प्रैक्टिस प्रमाण-पत्रों को रखने के इच्छुक नहीं :—

क्र० सं०	स० सं०	नाम एवं पता	तिथि
1.	776	श्री एस० के० घोष, एफ० सी० ए०, 23, बालीगंज टेरेस, कलकत्ता-19	31/10/74 से 30/6/75
2.	13543	श्री एम० जे० पटेल, ए० सी० ए०, 101, एसुतोष सोसाइटी, करेली बाग, बड़ौदा ।	25/9/74 से 30/6/75
3.	13627	श्री एस० एन० चन्दक, ए० सी० ए०, सी/ओ एम/एस जैन गणेश इंडस्ट्रीज, रामगोपाल रोड, निज़ामाबाद (ए० पी०)-503001	28/10/74 से 30/6/75

सं० 4सी०ए० (1)/12/74-75—चार्टर प्राप्त लेखाकार विनियम 1964 के विनियम 16 के अनुसरण में एतत् द्वारा यह सूचित किया जाता है कि चार्टर प्राप्त लेखाकार अधिनियम 1949 की धारा 20 उपधारा 1 (क) द्वारा प्रदत्त अधिकारों का प्रयोग करते हुए भारतीय चार्टर प्राप्त लेखाकार संस्थान परिषद ने अपने सदस्यता रजिस्टर में से मृत्यु हो जाने के कारण निम्नलिखित सदस्यों का नाम आगे दी गई तिथियों से हटा दिया है :—

क्र० सं०	स०सं०	नाम एवं पता	तिथि
1.	32	श्री एम० डी० दरवारी, सूट नं० 6, 134, ब्रिटिश इण्डियन स्ट्रीट, कलकत्ता ।	14/10/73
2.	8133	श्री सलिल बारन देव राये, ब्लाक 10 प्लेट नं० 1, राजन्त पार्क, हाउसिंग इस्टेट, 131, नेताजी, सुभाष रोड, कलकत्ता-40 ।	3/10/74

टी० एस० ग्रेवाल,
कार्यवाहक सचिव

नई दिल्ली-110001, दिनांक 19 दिसम्बर 1974

सं० 1-सी० ए० (75)/74—चार्टर्ड एकाउण्टैण्ट्स रेगुलेशन, 1964 में किए जाने वाले निम्नांकित मसविदा जो चार्टर्ड एकाउण्टैण्ट्स एक्ट 1949 (1949 का 38वां एक्ट) के भाग 30 के उप-भाग (1) एवं (3) द्वारा प्रदत्त अधिकारों का प्रयोग करते हुए प्रस्तावित किया गया है और उसके द्वारा

प्रभावित होने वाले समस्त व्यक्तियों की सूचनार्थ प्रकाशित किया जाता है और एतद्द्वारा सूचना दी जाती है कि मसविदे पर 10 फरवरी, 1975 को अथवा उसके पश्चात विचार किया जाएगा।

उपर्युक्त मसविदे के सम्बन्ध में किसी भी व्यक्ति से निर्दिष्ट तिथि से पूर्व प्राप्त किसी भी आपत्ति अथवा सुझाव पर कौंसिल आफ दि इंस्टीट्यूट आफ चार्टर्ड एकाउण्टैण्ट्स आफ इंडिया, नई दिल्ली द्वारा विचार किया जाएगा ।

उपर्युक्त रेगुलेशन में :—

1. रेगुलेशन 32 ए में से उप-रेगुलेशन (2) तथा इसके अनुबन्ध निकाल दें ।

2. रेगुलेशन 34 बी में, वर्तमान उप-रेगुलेशन (4) के लिए निम्नांकित बदल लें :—

"(4) यदि उप-रेगुलेशन (3) में उल्लिखित निर्धारित समय के अन्तर्गत विवरण प्राप्त नहीं होता है तो सचिव देरी को माफ कर सकता है, यदि उसे सदस्य द्वारा यह संतुष्टि दे दी जाती है कि वह समय पर विवरण भेजने में असमर्थ रहा है तथा यदि वह सेवा आरम्भ की तिथि से 16 और 30 दिन के अन्दर सदस्य से उसे प्राप्त कर लेता है और ऐसा न होने पर सचिव उसके द्वारा उपर्युक्त को प्राप्त करने से पूर्व 16वें दिवस को सेवा आरम्भ करने की तिथि मान लेगा । यदि सचिव द्वारा सेवा आरम्भ करने की तिथि परिवर्तित की जाती है तो वह सदस्य को सूचित करेगा जो आर्टीकल में समुचित परिवर्तन कर लेगा ।

3. रेगुलेशन 48 बी में से उप-रेगुलेशन (4) तथा उसके अनुबंध निकाल लें ।

4. रेगुलेशन 48 बी में, वर्तमान उप-रेगुलेशन (5) के लिए निम्नांकित बदल लें :—

"(5) उप-रेगुलेशन (2) में उल्लिखित निर्धारित समय के अन्तर्गत पंजीकरण के लिए आवेदन प्राप्त नहीं होता तो सचिव देरी को माफ कर सकता है, यदि उसे सदस्य द्वारा यह संतुष्टि दे दी जाती है कि वह समय पर विवरण भेजने में असमर्थ रहा, यदि वह सेवा आरम्भ करने की तिथि से 16 और 30 दिन के अन्दर सदस्य से आवेदन पत्र प्राप्त कर लेता है और ऐसा न होने पर सचिव उसके द्वारा उपर्युक्त को प्राप्त करने से पूर्व 16वें दिवस को सेवा आरम्भ करने की तिथि मान लेगा । यदि सचिव द्वारा सेवा आरम्भ करने की तिथि में परिवर्तन किया जाता है तो वह सदस्य को इस परिवर्तन से सूचित करेगा ।"

टी० एस० ग्रेवाल
कार्यकारी सचिव

दी इन्स्टिट्यूट आफ कास्ट एण्ड वर्क्स एकाउन्टेन्टस आफ इण्डिया

कलकत्ता, दिनांक 23 नवम्बर 1974

(कास्ट एकाउन्टेन्ट्स)

सं० 11 सी० डब्ल्यू० आर० (32)/74—दी कास्ट एण्ड वर्क्स एक्काउन्टेन्ट्स रेग्युलेशन्स 1959 के विनियम 11 के उप-विनियम (3) का अनुसरण कर यह सूचित किया जाता है कि मिश प्रतीमा राय चौधरी, बी० एस० सी०, ए० आई० सी० डब्ल्यू० ए०, ओल्ड पोस्ट आफिस स्ट्रीट सेकेन्ड फ्लोर, कलकत्ता-700001 (सदस्यता-संख्या 3053) के अभ्यास करने का प्रमाणपत्र 8 जुलाई 1974 से लेकर 30 जून 1975 तक के लिये रद्द किया जाता है ।

सं० 16 सी० डबल्यू० आर० (71-136)/74—दी कास्ट एण्ड वर्क्स एकाउन्टेन्टस रेग्युलेशन्स 1959 के विनियम 16 का अनुसरण कर यह सूचित किया जाता है कि दी इन्स्टिट्यूट आफ कास्ट एण्ड वर्क्स एक्काउन्टेन्टस आफ इन्डिया के परिषद ने कास्ट एण्ड वर्क्स एक्काउन्टेन्टस अधिनियम 1959 की धारा 20 की उप-धारा (1) का वाक्य (सी०) द्वारा दिये गये अधिकारों का प्रयोग करते हुए निम्नलिखित व्यक्तियों के नामों को निर्धारित शुल्कों का भुगतान नहीं करने के कारण सदस्य पंजिका से हटा दिया।

एम०/100
श्री रुद्रपटना शमइया वेंकट रमइया
3 राजकमल, पिताम्बर लेन,
महीम, बम्बई-16

एम०/179
श्री राजेन्द्र कुमार बनर्जी
अविनेशमिल्ला,
पोस्ट और ग्राम गरूप
जिला – हुगली

एम०/191
तपन कुमार विश्वास,
162/204, लेक गार्डेन्स
कलकत्ता-54 ।

एम०/206
श्री उपेन्द्र कुमार चौधरी,
93/1/ई० बैठक खाना रोड,
कलकत्ता-9 ।

एम०/283
श्री शिवकुमार ओझा,
मार्फत श्री आर० के० ओझा,
फाइनेंसियल ऐडवाइजर,
हिन्दुस्तान स्टील वर्क्स,
कन्सट्रकशन लिमिटेड,
5/1, कमीशरियट रोड,
कलकत्ता-22 ।

एम०/394
श्री पी० वी० राघव राव,
सत्य सदन,
1-10-1/2, अशोक नगर,
हैदराबाद-20 ।

एम०/243
श्री आर०, कृष्णमचारी,
144, सिंधी हाउसिंग सोसाइटी,
चेमबुर, बम्बई-71 ।

एम०/247
श्री सन्तोष मोहन कुमार,
कन्ट्रोलर (कास्ट एण्ड बजट),
आफिस आफ ऐडिशनल, सी० ई० ई०,
दामोदर वैली कारपोरेशन,
मैथोन डेम, जिला-धनबाद ।

एम०/282
श्री राजकिशोर ओझा,
फाईनेंसियल एडवाइजर,
हिन्दुस्तान स्टील लिमिटेड,
5/1, कमिशरिएट रोड,
कलकत्ता-22 ।

एम०/521
श्री के० श्रीनिवासन,
जूनियर असिसटेंट, एक्काउन्टस,
आफिसर, टाटा इंजीनियरिंग,
लोकोमोटिव कम्पनी लिमिटेड,
जमसेदपुर-4 ।

एम०/735
श्री मोल्टी रामा राव
मार्फत श्री एन० जोगाराव,
एल-4/19, इन्द्रनगर,
जमसेदपुर-8 ।

एम०
श्री शान्ति मुभुसन नन्दी ।
जादोपुर पार्क कलकत्ता

एम०/396
श्री लक्ष्मी चन्द सरदना,
मार्फत श्री एम० के० सरदना,
डेपार्टमेंट आफ बाइलाजी-कैमस्ट्री,
इन्डियन इन्स्टिटच्युट आफ साइन्स,
बंगलौर-12 ।

एम०/402
श्री राम रेखा लाल श्रीवास्तवा,
एक्काउन्ट आफिसर,
आर्डनेन्स पाराचुट फैक्ट्री,
कानपुर ।

एम०/403
श्री ए० मी० एस० सुब्बाराव,
1-8-155/5, मन्डले लैन,
प्रेमडरगास्ट रोड, सिकन्दराबाद-3 ।

एम०/489
श्री जे० एस० कामेश्वर राव,
सैक्ट्रेरी एण्ड चीफ एक्काउन्टस आफिसर,
ए० पी०, स्माल स्केल
इन्डस्ट्रीयल डेवेल्पमेन्ट कारपोरेशन, लिमिटेड,
बी-1-174, फेच मैदान,
हैदराबाद-4 ।

एम०/1103
श्री शम्भुनाथ मित्रा,
असिसटेंट फाइनेंसियल मैनेजर,
दी फर्टिलाइजर कारपोरेशन आफ इन्डिया लिमिटेड,
3, एसप्लेनेड ईस्ट, कलकत्ता-1 ।

एम०/894
श्री मधुर सैन धीर,
असिसटेंट परशनल आफिसर,
नार्दन रेलवे,
पहाड़गंज, नई दिल्ली-1 ।

एम०/897
डा० बैनी प्रसाद बनर्जी,
मार्फत, ब्रीज एण्ड कफ० कम्पनी (इन्डिया) लिमिटेड,
427/जी० टी० रोड़,
हवड़ा-2 ।

एम०/935
श्री ओमप्रकाश भाटिया,
सिनियर एक्काउन्टस आफिसर,
बोकारो स्टील लिमिटेड,
बोकारो स्टील सीटी,
जिला-धनबाद ।

एम०/949
श्री अशिस नाथ राय
49/114, हिन्दुस्तान पार्क,
कलकत्ता-29 ।

एम०/978
श्री सिधेश्वर बनर्जी,
18/2, चेतला हाट रोड,
कलकत्ता-27 ।

एम०/989
श्री प्रनाब कुमार घोष,
असिसटेंट, कास्ट एक्काउन्टस्,
आफिसर, जुलोजिकल सर्वे आफ इन्डिया,
12ए०, बी०, रूसेल स्ट्रीट,
कलकत्ता-16 ।

एम०/1151
श्री वी० कृष्ण आइयर,
9, मुरूगेस मुदलियर रोड़, मद्रास-17 ।

एम०/1253
श्री जोसेफ विन्फ्रेड,

कास्ट एक्काउन्टेन्ट,
गौरडोन उडब्राफ एण्ड कम्पनी,
(मद्रास) प्राइवेट लिमिटेड,
1/21, नार्थ बीच रोड,
मद्रास-1 ।

एम०/1311
श्री धिरेन कुमार दास,
एक्काउन्ट आफिसर,
मेकनेइल एण्ड बेर्री लिमिटेड,
किल्बर्न डिविजन,
34/1, डाइमन्ड हारबर रोड,
कलकत्ता-27 ।

एम०/1324
श्री ए० लक्ष्मी पाथी,
ई०/293, हास्पीटल रोड, ब्लाक-2,
नईवेली-1 ।

एम०/1326
श्री राजेश्वर दयाल माथुर,
डी-6, राजपथनगर III
नई दिल्ली-24 ।

एम०/1370
श्री प्रेमशील चोपड़ा,
338, रानी बाग,
शकुरबस्ती, दिल्ली-34 ।

एम०/1419
श्री स्वामीनाथन शकरन,
6, जेठनगर,
राजा अन्नामलइपुरम,
मद्रास-28 ।

एम०/1079
श्री समीर वरन डेवानजी,
44, गंगुली बगान ईस्ट,
अशोक ट्रस्ट गरिया,
जिला-24 परगनाज,

एम०/1532
श्री केवल कृष्ण कुमार
221, सैक्टर 33 अ,
चन्डीगढ़-20 ।

एम०/1534
श्री आर० एस० केसवान,
एम० आई० जी० फ्लैट 17-अ
"1" एवन्यू
इन्दीरा नगर, अदयार,
मद्रास-20 ।

एम०/1559
श्री इ० एस० रंगानाथन,
20, वैल्स रोड, इंरीपलीसेन,
मद्रास-5 ।

एम०/1601
श्री रमेश चन्द माथुर,
18/1 बी, स्वीण स्ट्रीट,
कलकत्ता-19 ।

एम०/1607
श्री ए० के० रामचन्द्रन,
फाईनैंस इक्सीकियूटीव,
मैडिकेयर फर्मासीयुटीकल्स प्राइवेट, लिमिटेड,
मकी बिहार रोड,
बम्बई-72 ।

एम०/1483
श्री रामेश चन्दर तिवारी,
पी०-173 मनेशनगर,
अम्बाला कंटोनमेंट,

एम०/1498
श्री लक्ष्मण टी० भाभमानी,
फ्लैट 10, पुष्पा विहार-2,
159, कोलाबो रोड,
बम्बई-5 ।

एम०/1722
श्री जुगमेंदर दास,
मार्फत, केदारनाथ विशनलाल,
पोस्ट-मंगलौर टाउन,
जिला सहारनपुर (यू० पी०) ।

एम०/1786
श्री सुकदेव राज बैहता,
डिपुटी मैनेजर (एक्काउन्टस)
फूड कारपोरेशन आफ इन्डिया,
4, मेधु लेन,
कलकत्ता-1 ।

एम०/1795
श्री वी० रमानी
सैक्टर आफिसर (एक्काउन्टस ii),
इन्डियन काउन्सील आफ एग्रीकल्चरर रिसर्च,
नई दिल्ली-1 ।

एम०/1872
श्री के० सुन्दर राजन,
6अ/72 वेस्टर्न इक्सटेंसन एरिया,
करोलबाग,
नई-दिल्ली-5 ।

एम०/1608
श्री के० एन० राममूर्ति,
15, लक्ष्मण निवास,
नियर कोलिवदा रेलवे स्टेशन,
सिआन ईस्ट, बम्बई-22 ।

एम०/1649
श्री देवदास चटर्जी,
3/अ, लटू बाबू लेन,
कलकत्ता-6.

एम०/1703
श्री ए० श्रीनिवासन,
असिसटेंट, एकाउन्टस आफिसर,
आफिस आफ मैनेजिंग डाइरेक्टर,
कोठागुडियम कोल्लीयरीज,
पोस्ट: कोठागुडियम कोल्लीयरीज,
जिला: खम्माम ।

एम० 1705
श्री देविन्दर पी० वैद्य,
ग्राम और पोस्ट: बगली,
जिला—कांगरा,
हिमाचल-प्रदेश ।

एम०/1721
श्री वनहारम जगन्नाथन,
14-बी, दुर्रयस्वरी रोड,
मद्रास-17 ।

एम०/2146
श्री जुगलकिशोर गवरानी
346, प्रेश-स्ट्रीट, सदर बाजार,
नई दिल्ली-6 ।

एम०/1949
श्री अवधेश कुमार सिन्हा,
1, मुखर्जी पाड़ा लेन,
श्रीरामपुर, जिला हुगली ।

एम०/1967
श्री राधेश्याम खंडलवाल,
मार्फत, मैसर्स, श्यामलाल मदन गोपाल,
आइरन मरचेंट्स चौड़ा रास्ता,
जयपुर-3 ।

एम०/2022
श्री मदन लाल शर्मा,
असिसटेंट एक्काउन्टस आफिसर,
पंजाब एग्रीकल्चरर यूनिवरसीटी,
हिस्सार, हरयाना ।

एम०/2053
श्री जय दयाल
एच-72 श्री निवासपुरी
नई दिल्ली ।

एम०/2119
श्री धनुषधारी चौधरी,
एक्काउन्टस इक्जीक्युटीव,
फाईनेन्स एण्ड एक्काउन्टस डेपार्टमेंट,
बोकारो स्टील लिमिटेड,
बोकारो स्टील सीटी,
जिला-धनबाद ।

एम०/2290
श्री वाई० चलपथी,
जूनियर डिविजीनल एक्काउन्टेन्ट,
टेलेग्राफ इंजिनियरिंग डिवीजन,
हुबली डिवीजल,
हुबली-21 ।

एम०/2153
श्री सुदर्शन लाल कनसल,
मार्फत, श्री रामनारायण कनसल,
कनसल विल्डीग पो०-कोठापुर,
जिला-भटिंडा, पंजाब ।

एम०/2193
श्री जीवनलाल सेखरी,
मार्फत, श्री शान्ति नाथ सेखरी,
सोधियम स्ट्रीट, धुरी,
जिला: संगरूरल पंजाब,

एम०/2278
श्री सी० टी० सीव मुर्ती,
कास्ट एक्काउन्टेन्ट,
बुट्स पुर ड्रग कम्पनी (इन्डिया) लिमिटेड,
17, निकोल रोड, बम्बई-1 ।

एम०/2284
श्री कुचि भोटला, वेंकटेसवरल,
1-1-336/119, विवेकनगर
चिक्कडपल्ली,
हैदराबाद-20 ।

एम०/2367
श्री एन० श्रीराम मुर्ती
12-1-1264, शान्तिनगर,
सेकन्दराबाद-17 ।

एम०/2463
श्री मृतुंजय घोष,
कास्ट असिसटेंट, पलानिंग सेक्शन,
एन० सी० डी० सी० लिमिटेड,
दरभंगा हाउस,
रांची ।

एम०/2294
श्री टी० एन० गनेशन,
एस०/ओ०, श्री आर० नटराज-आइयर,
13, कृष्णपुरम,
मद्रास-24 ।

एम०/2297
श्री पी० सी० हरीदास,
कास्ट एक्काउन्टस आफिसर,
आफिस आफ एरिया जेनेरल-मेनेजन,
एन० सी० डी० सी० लि०

सुदमाडीह,
पोस्ट-लालपुर फुटाह
जिला: धनवाद ।

एम०/2301
श्री के० वी० कृष्णमूर्ति,
असिसटेंट, एक्काउन्टस आफिसर (कास्टीग)
मद्रास एटामिक पावर प्रोजैक्ट,
कलपक्कम,
जिला: चिंगलीपुर ।

एम०/2335
श्री गोकल चन्द वैद्य,
128/20, हाजरा रोड,
कलकत्ता-26 ।

एम०/2572
श्री के० सुब्रमनियम,
मार्फत श्री के० रंगनाथन,
6, हैदरबस्ती, फस्ट फ्लोर,
सिकन्दराबाद-3 ।

एम०/2629
श्री आर० वेंकटरामन,
सिस्टमस मैनेजर,
दी ब्रटेनिया बिस्कुट कं० लिमिटेड,
'निर्मल बीसवां फ्लोर, नरिमन प्लाइंट,
बम्बई-1 ।

एम०/2471
श्री सुप्ती रंजन मजुमदार,
एक्काउन्टस डेपार्टमेंट,
स्टेट बैंक आफ इन्डिया,
1, स्ट्रांड रोड, कलकत्ता-1 ।

एम०/2661
श्री श्रीधर अनन्त मनथी,
11, सेकेन्ड क्रास,
कोवन्दरामपुरम, मालेश्वरम,
बंगलोर-3 ।

दिनांक 25 नवम्बर, 1974

सी० डब्ल्यू० आर०(2)/74—दी कास्ट एन्ड वर्क्स एक्काउन्टेन्टस रैग्युलेशन्स 1959 में दी कास्ट एन्ड वर्क्स एक्काउटेन्टस अधिनियम, 1959 की धारा 39 की उप धाराओं (1) और (3) के द्वारा दिये गये अधिकारों का प्रयोग करते हुए कुछ संशोधनों के निम्न प्रारूप सभी लोगों की सूचना के लिए प्रकाशित किया जाता है । इससे प्रभावित सभी लोगों को सूचना दी जाती है कि प्रारूप पर 31 जनवरी, 1975 या उसके बाद विचार किया जायेगा ।

दी इन्स्टीट्यूट आफ कास्ट आन्ड वर्क्स एक्काउन्टेन्टस आफ इंडिया के परिषद के द्वारा उपरोक्त प्रारूप के सम्बन्ध में किसी व्यक्ति से किसी प्रकार की आपत्ति या राय निश्चित दिनांक के पहले प्राप्त होगी तो उस पर विचार किया जायेगा ।

कहे हुए रेग्युलेशन्स मे

1 वर्तमान रेग्युलेशन 32 ए के सब रेग्युलेशन्स (4) के लिए निम्न नया सब रैग्युलेशन्स (4) स्थानापन्न किया जायेगा, जैसे :—

(4) जो परीक्षार्थी इन्टरमिडीएट परीक्षा जो रैग्युलेशन 31 या रैग्युलेशन 32 के अनुसार हुआ था और जो ग्रुप I या ग्रुप II में उत्तीर्ण नहीं हुआ परन्तु किसी पेपर में कुल अंक का कम से कम 60 प्रतिशत उपरोक्त ग्रुप I या ग्रुप II में प्राप्त किया हो उसे उस पेपर में छूट मिल जायेगी ।

वर्तमान रैग्युलेशन 35 ए के सब-रैग्युलेशन के लिए निम्न नया सब-रैग्युलेशन स्थानापन्न किया जायेगा, जैसे :—

(2) जो परीक्षार्थी फाइनल परीक्षा के ग्रुप I या III जो रैग्युलेशन 34 के अनुसार हुआ था या फाइनल परीक्षा के ग्रुप I या ग्रुप II जो रैग्युलेशन 35 के अनसार हुआ था, परन्तु उस एक विषय में

(I) जहां उस विषय में एक पेपर हो कुल अंक का कम से कम 60 प्रतिशत या

(II) जहां किसी विषय में एक पेपर से अधिक पेपर हो कुल अंक का कम से कम 40 प्रतिशत प्रत्येक पेपर में और कम से कम कुल का 60 प्रतिशत सभी पेपरों का कुल अंक का, प्राप्त किया हो उसे छूट दी जायेगी ।

ऊपर के संशोधनों पर व्याख्यात्मक टिप्पणी

निम्नांकित व्याख्यात्मक टिप्पणी अधिसूचना संख्या सी० डब्ल्यू० आर (2)/74 दिनांक 25 नवम्बर 1974 में प्रस्तावित संशोधनों पर है । इस टिप्पणी का उद्देश्य संशोधनों में निहित अभिप्राय को परिषद द्वारा स्पष्ट करना है । और इन संशोधनों के क्षेत्र में किसी तरह का प्रतिबन्ध या विस्तार करना नही है ।

संख्या के परिषद ने छूट जो किसी विषय में (कास्टिंग विषय के अलावे) संख्या की अपनी परीक्षाओं के कार्य के आधार पर दी जाती है पुनः प्रवर्तित के प्रश्न पर विचार किया है और यह तय किया गया है कि यह छूट उन्हीं को दी जायेगी जो किसी एक विषय कास्टिंग के अलावे में कुल अंक का सम्पूर्ण 60 प्रतिशत प्राप्त किया हो ।

एस० एन० घोष,
सचिव

भाभा परमाणु अनुसंधान केन्द्र
(कार्मिक प्रभाग)

बम्बई, दिनांक 11 दिसम्बर 1974

सं० संदर्भ: के०/2045/पी०डी०(टी०)/स्था०-7/2492—20 सितम्बर, 1974 का आदेश सं० के०/2045/पी० डी०(टी०)/

स्था०-7/1914, जिसकी एक नकल श्री वाई० वी० कोयडे को उनके स्थानीय और घर दोनों पते से रजिस्ट्री भेजी गई थी और अवितरित लौट आई, नीचे प्रकाशित किया जाता है।

20 सितम्बर, 1974

संदर्भ: के/2045/पी० डी० (टी) / स्था०-1914-7

आदेश

18 जून 1973 के नियुक्ति प्रस्ताव सं० पी० ए०/80 (23)/71-आर० III के पैरा 1(ए०) और 4-7-1973 के ज्ञापन सं० पी० ए० के०/2045/आर० III के निबंधनों के अनुसार मैं इस अनुसंधान केन्द्र के परीक्षणाधीन अस्थायी ड्राइवर ग्रेड-1 श्री वाई० वी० कोयडे की सेवाएं इसके द्वारा तत्काल समाप्त करता हूं।

टी० वी० रंगराजन

अध्यक्ष, कार्मिक विभाग

संचार मंत्रालय

डाक तार बोर्ड

नई दिल्ली-1, दिनांक 9 नवम्बर 1974

सूचना

